# TENDER DETAILS

# द्वितीय निविदा विवरण

## कृषि विज्ञान केन्द्र, धार में

प्रक्षेत्र पर उपयोग होने वाले खरपतवारनाशी, कीटनाशी, फंफूदनाशी, उर्वरकों एवं अन्य दवाईयों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

## 2026-27 व 2027-28 हेतु वैध


बेब साइट : **https://www.kvkdhar.com** ई–मेल : kvk.dhar@rvskvv.net

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

कृषि विज्ञान केन्द्र, धार 454 001 म.प्र.

कृषि विज्ञान केन्द्र, रा.वि.सि.कृ.वि.वि., धार (म.प्र.)

**No./KVK/Dhar/ 2026-27/ 114** **Date- 25-06-2026**

:: द्वितीय खुली निविदा आमंत्रण सूचना ::

कृषि विज्ञान केन्द्र, धार द्वारा ''**प्रक्षेत्र पर उपयोग होने वाले खरपतवारनाशी, कीटनाशी, फंफूदनाशी एवं अन्य दवाईयों की आपूर्ति हेतु**'' द्वितीय खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्था/फर्म निविदा प्रारुप **दिनांक 01.07.2026** तक क्रय कर दस्तावेजों के साथ सीलबंद निविदा **दिनांक 02.07.2026 दोपहर 01:00 बजे** तक कार्यालय में जमा करा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय से सीधा संपर्क या कार्यालय **वेबसाईट kvkdhar.com** पर विजिट किया जा सकता है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृ.वि.के., धार (म.प्र.)

# कृषि विज्ञान केन्द्र, धार (म.प्र.)

:: विभिन्न कार्यो हेतु आमंत्रित द्वितीय निविदा सूचना का संक्षिप्त विवरण ::

| क्रं. | कार्य का नाम | निविदा प्रारुप मूल्य रु. | धरोहर/ अर्जित राशि रु. | संभावित वार्षिक अपूर्ति राशि रु. | निविदा क्रय की अंतिम तिथि | निविदा जमा की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खरपतवारनाशी, कीटनाशी, फंफूदनाशी, उर्वरकों एवं अन्य दवाईयों हेतु | **100** | **8,000** | **4,00,000** | 01.07.2026 सायं 05:00 बजे तक | 02.07.2026 दोपहर 01:00 बजे तक | 02.07.2026 सायं 04:00 बजे |

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख
कृषि विज्ञान केन्द्र, धार

# द्वितीय खुली निविदा की सामान्य शर्तें एवं नियम

## प्रक्षेत्र पर उपयोग होने वाले खरपतवारनाशी, कीटनाशी, फंफूदनाशी, उर्वरकों एवं अन्य दवाईयों हेतु

1. कृषि विज्ञान केन्द्र, धार द्वारा **No./KVK/Dhar/ 2026-27/78** दिनांक 04.06.2026 के माध्यम से "**प्रक्षेत्र पर उपयोग होने वाले खरपतवारनाशी, कीटनाशी, फंफूदनाशी एवं अन्य दवाईयों की आपूर्ति हेतु**" प्रथम खुली निविदा आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदा आमंत्रण में पूर्व में निविदा प्रस्तुत करने वाले निविदाकारों की निविदा पुनः निविदा आमंत्रण में भी मान्य होगीं, उन्हें पुनः निविदा जमा करने की आवश्यकता नहीं है।
2. **प्रपत्र** : निविदा हेतु सर्वप्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा जारी प्रपत्र क्रय किया जाना आवश्यक है जिस पर प्रपत्र जारी सरल क्रमांक अंकित हो। प्रपत्र जारी करने हेतु राशि रु. 100/– निर्धारित की गई है। निविदा इस जारी प्रपत्र पर साफ एवं स्वच्छ रूप से भरी जानी चाहिए। ओवरराइटिंग, काटी हुई या समझ में न आने योग्य दरें अस्वीकार की जा सकती है।
3. **निविदा धरोहर/अर्जित राशि** : निविदादाता को निविदा के साथ न्यूनतम अग्रिम धरोहर राशि (Earnest Money Deposit) **रु. 8,000/– (रु. आठ हजार मात्र)** की मांगपत्र (डी.डी.), जो **Krishi Vigyan Kendra, RVSKVV** नामे एवं धार में भुगतान योग्य हो को जमा करना अनिवार्य होगा। अग्रिम धरोहर राशि संलग्न अथवा प्राप्त न होने पर निविदा अमान्य हो जाएगी। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व निविदादाता फर्म का होगा। असफल निविदादाताओं की निविदा धरोहर/अर्जित राशि, आवेदन देने पर यथासमय कार्यालयीन प्रक्रियानुसार वापिस की जाएगी। सफल निविदाकार की धरोहर/अर्जित राशि कृषि विज्ञान केन्द्र, धार में निविदा अवधि पूर्ण होने तक जमा रहेगी, निविदा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण होने एवं कोई भी अदाएगी शेष न रहने पर वापिस की जाएगी। यदि कोई अदाएगी शेष रहती है तो उसे इस धरोहर/अर्जित राशि से काट कर शेष राशि वापिस की जाएगी।
4. **निविदा की समयावधि** : सामान्य परिस्थितियों में निविदा एक वर्ष के लिए मान्य होगी। निविदा काल वर्तमान वित्तीय **वर्ष 2026–27** के लिए रहेगा। अपूर्ति/कार्य संतोषजनक पाए जाने पर अनुशंसानुसार निविदा की अवधि को आगामी वर्ष के लिए निविदा में स्वीकृत दरों के व शर्तों के साथ निरंतर किया जा सकता है। अपूर्ति/कार्य असंतोषजनक पाए जाने पर, किसी भी समय 15 दिवस का नोटिस देकर निविदा समाप्त की जा सकती है। निविदा की अवधि को कुल दो वर्षों से अधिक नहीं बढ़ाया जा सकेगा।
5. **निविदा का प्रारुप एवं प्रस्तुती विधि** : निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र को अच्छी तरह से पढ़ने के उपरांत स्पष्ट शब्दों में स्याही या टाईप से भरा जाना चाहिए। प्रत्येक पृष्ठ एवं प्रस्तुत अभिलेखों पर निविदादाता के हस्ताक्षर एवं फर्म की सील लगानी होगी। निविदा प्रपत्र में निविदा जमा होने के उपरांत कोई सुधार कार्य मान्य नही किया जा सकेगा, परन्तु, फर्म दोबारा प्रपत्र जारी करा कर समायावधि में सुधार कार्य सहित निविदा प्रस्तुत कर सकती है। इस प्रकार पूर्व प्रदत्त निविदा निरस्त मानी जावेगी एवं बाद में प्राप्त निविदा को अग्रिम कार्यवाही हेतु स्वीकार किया जायेगा। निविदा मूल्यांकन के लिए द्वि–चरण पद्धति का उपयोग किया जायेगा, इस अनुसार निविदा फार्म दो सीलबंद हिस्सों में प्रस्तुत किया जाना है जिनका विवरण निम्नानुसार है

   अ. **प्रथम सीलबंद लिफाफा में "अ. तकनीकी निविदा (Technical Bid)"** अंकित कर न्यूनतम अग्रिम धरोहर/अर्जित राशि (Earnest Money Deposit) **रु. 8,000/– (रु. आठ हजार मात्र)** की मांगपत्र (डी.डी.) (जो वापिसी योग्य होगी) के पीछे फर्म का नाम, निविदा का नाम, मोबाईल नम्बर अवश्य रुप से लिखकर निम्न दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें। प्रपत्र एवं दस्तावेजों के प्रत्येक पृष्ठों पर हस्ताक्षर एवं सील लगावें।

   (i) फर्म का पंजीयन/लाइसेंस की प्रति

   (ii) फर्म/फर्म स्वामी के पेन नम्बर एवं जी.एस.टी. नंबर की प्रति।

(iii) आयकर रिटर्न की विगत 03 वर्षों की प्रतियाँ।

(iv) अंकेक्षित बैलेंस शीट विगत तीन वर्षो की (जिसमें लाभ हानि का विवरण हो)।

(v) विगत तीन वर्षों में फर्म के टर्न ओवर का विवरण जो कि न्यूनतम 10.00 लाख रु. (रू दस लाख मात्र) हो।

(vi) विगत तीन वर्षों का शासकीय संस्थाओं के साथ कार्य का अनुभव संबंधी प्रपत्र (वैकल्पिक)।

(vii) नियम व शर्तों पर सहमति हेतु हस्ताक्षर।

(viii)निविदा फार्म "अ"।

ब. **द्वितीय सीलबंद लिफाफा में "ब. वित्तीय निविदा (Financial Bid)"** अंकित कर साफ एवं स्वच्छ रूप से भरा हुआ हस्ताक्षरित निविदा फार्म "ब" रखें।

स. उपरोक्त दोनों लिफाफे **"अ. तकनीकी निविदा (Technical Bid)"** एवं **"ब. वित्तीय निविदा (Financial Bid)"** के ऊपर हस्ताक्षर कर सीलबंद करें व इनको एक बड़े लिफाफे में रखें व लिफाफे के ऊपर निविदा का नाम **"प्रक्षेत्र पर उपयोग होने वाले खरपतवारनाशी, कीटनाशी, फंफूदनाशी, उर्वरकों एवं अन्य दवाईयों हेतु निविदा"** तथा लिफाफे के नीचे हिस्से में प्रेषितकर्ता फर्म, पता व मोबाईल नम्बर अंकित करें। इस बडे लिफाफे के ऊपर हस्ताक्षर कर सीलबंद करें। इन लिफाफों को निविदा खोलने की दिनांक को फर्म की ओर से उपस्थित प्रतिनिधियों एवं अन्य व्यक्तियों के समक्ष खोला जावेगा।

6. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि** : निर्धारित प्रपत्र में सीलबंद लिफाफे जिसके ऊपर निविदा का नाम अंकित हो "वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, धार (म.प्र.)" कार्यालय में **दिनांक 02.07.2026 को सायं 01:00** बजे तक जमा की जा सकती है। निर्धारित समयावधि पश्चात् कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। डाक विलंब हेतु कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। विशेष परिस्थितियों में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, धार द्वारा अंतिम तिथि बढ़ाए जाने का निर्णय लिया जा सकता है।

7. **लायसेंस एवं जी.एस.टी. की अनिवार्यता** : निविदादाता फर्म के पास शासन द्वारा जारी वैद्य ''**कीटनाशक, फंफूदनाशक, खरपतवार नाशक, अन्य रसायन एवं बीज**'' संचालन संबंधी लायसेंस एवं जी.एस.टी. नम्बर होना अनिवार्य है। साथ ही फर्म, केन्द्र के किसी भी इकाई पर ब्लैक लिस्टिड़ नही होनी चाहिए।

8. **निविदा में प्रस्तुत दरें** : निविदा में प्रस्तुत की गई समस्त दरें सभी कर, भाड़ा एवं परिवहन सहित दर्शायें। आपूर्ति कृषि विज्ञान केन्द्र, धार हेतु रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर फर्म निविदा में कर, भाड़ा एवं परिवहन का विवरण व इससे संबंध में फर्म की अन्य कोई शर्त हो इसको स्पष्ट रुप से प्रस्तुत दरों के साथ प्रस्तुत कर सकते है। यदि फर्म द्वारा **"कर अतिरिक्त"** ऐसा अंकित जाता है तो फर्म की दरों में वर्तमान कर जोड़ कर उनकी प्रस्तुत दरों की गणना की जायेगी। इसी तरह यदि फर्म द्वारा **"परिवहन अतिरिक्त"** ऐसा अंकित जाता है तो फर्म की दरों में फर्म के अंकित पते से केन्द्र तक के अधिकतम परिवहन व्यय को जोड़ कर उनकी प्रस्तुत दरों की गणना की जायेगी। इस संदर्भ में कुछ अंकित न होने पर दरें कर, भाड़ा एवं परिवहन सहित ही मानी जायेगी। निविदा दरें प्रस्तुत करने हेतु फर्म द्वारा आवश्यकता होने पर पूर्व उपलब्ध सुविधा की जानकारी हेतु केन्द्र में संपर्क किया जा सकता है।

9. **निविदा का परीक्षण** : प्रस्तुत निविदाओं समिति के सदस्यों द्वारा सूक्ष्म परीक्षण किया जाएगा विज्ञप्त निविदा ''**प्रक्षेत्र पर उपयोग होने वाले खरपतवारनाशी, कीटनाशी, फंफूदनाशी, उर्वरकों एवं अन्य दवाईयों हेतु**'' द्वि–स्तरीय होगी। जिसमें प्रथमतः प्रथम सीलबंद लिफाफा में "अ. तकनीकी निविदा (Technical Bid)" को खोलकर धरोहर/अर्जित राशि की जांच की जायेगी, धरोहर/अर्जित राशि प्राप्त होने पर इनकी तकनीकी निविदा का अवलोकन किया जायेगा। जो फर्म तकनीकी निविदा में सफल हुए होंगे, उन्हीं निविदादाताओं की वित्तीय निविदाएँ खोली जाएगी। असफल निविदादाताओं को अग्रिम प्रक्रिया में उपस्थित होने की अनुमति नही होगी। सभी सफल फर्म के द्वितीय सीलबंद

लिफाफा आर्थात् "ब. वित्तीय निविदा (Financial Bid)" खोली जावेगी। प्रदत्त दरों एवं सभी अभिलेखों के मूल्यांकन के आधार पर तुलनात्मक पत्रक तैयार किया जाएगा। जिस निविदादाता फर्म द्वारा सामग्री की दर न्यूनतम प्राप्त होगी, उसे ही कार्य / आपूर्ति हेतु चयनित किया जाएगा। यदि एक से अधिक निविदादाता की दरें बराबर होंगी तो उस स्थिति में निविदादाता के कार्यानुभव की अधिकता को वरीयता दी जावेगी। संपूर्ण प्रक्रिया मध्य प्रदेश भंडार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित– 2022) के अंतर्गत की जाएगी।

10. **निविदा स्वीकृति आदेश :** सूक्ष्म परीक्षण एवं क्रय–विक्रय समिति की अनुशंसा के अनुक्रम में निविदा स्वीकृत आदेश/न्यूनतम दर पत्रक जारी किया जाएगा, तत्पश्चात समय–समय पर कार्यक्रमानुसार सामग्री सप्लाई के लिए कार्यादेश जारी किए जाएंगे, जिनके अनुक्रम में फर्म को सामग्री समय पर प्रदाय करना होगी।
11. निविदादाता फर्म द्वारा दी गई जानकारी असत्य, संलग्नक फर्जी पाए जाने पर निविदा निरस्त करते हुए, जमा धरोहर/अर्जित राशि राजसात करते हुए, वैधानिक कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व निविदादाता फर्म का होगा।
12. आपूर्ति आदेश हेतु किसी भी प्रकार का अग्रिम (Advance) राशि केन्द्र द्वारा नही दी जाती है।
13. कार्य संतोषजनक पाए जाने पर क्रय समिति की अनुशंसा पर निविदा आगामी एक वर्ष के लिए, न्यूनतम स्वीकृत दरों के साथ बढ़ाई जा सकेगी।
14. सप्लाई किए जाने वाले "**खरपतवारनाशी, कीटनाशी, फंफूदनाशी, उर्वरकों एवं अन्य दवाईयाँ**" गुणवत्तायुक्त एवं मानक स्तर की होनी चाहिए। कार्यालय द्वारा प्रत्येक खराब सामग्री की राशि का कटौत्रा एवं फर्म पर न्यूनतम राशि रु. 100/– एवं अधिकतम राशि रु. 1,000/–तक का अर्थदण्ड लगाया जा सकता है। जिसे फर्म को जमा कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा फर्म की निविदा निरस्त करते हुए, अग्रिम धरोहर/अर्जित राशि राजसात करते हुए अग्रिम न्यूनतम निविदाकार को निविदा प्रदान की जाएगी। जिसका संपूर्ण उत्तर दायित्व प्रथम निविदादाता फर्म का होगा।
15. कार्यालय द्वारा दिए गए आदेशानुसार "**खरपतवारनाशी, कीटनाशी, फंफूदनाशी, उर्वरकों एवं अन्य दवाईयाँ**" समय पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। तद्पोरांत आपूर्ति का भुगतान फर्म का देयक कार्यालय में प्रस्तुत करने के सात कार्यदिवस में कार्यालयीन प्रक्रियानुसार स्वीकृत दर अनुसार किया जाएगा।
16. निविदादाता फर्म स्वयं अथवा अन्य किसी भी कारण से निविदा कार्य/आपूर्ति करने में असफल होता है या स्वयं कार्य छोड़ता है। तो नियमानुसार जमा अग्रिम धरोहर/अर्जित राशि से राजसात की जावेगी, जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित फर्म का होगा एवं ऐसी स्थिति में अग्रिम न्यूनतम निविदाकार फर्म को कार्यादेश जारी करते हुए प्रथम निविदाकार का अधिकार समाप्त किया जाएगा।
17. निविदादाता फर्म की दर, कृषि विज्ञान केन्द्र, धार के लिए F.O.R. पर मान्य रहेगी।
18. अन्य नियम एवं शर्तें म.प्र. क्रय नियम अनुसार मान्य होगी।
19. किसी भी विवाद की स्थिति में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, धार का अंतिम निर्णय मान्य होगा।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख
कृषि विज्ञान केन्द्र, धार

# स्व–घोषणा पत्र

मैं ........................................................................... (निविदादाता का नाम/फर्म का नाम) पता ................................................................................ शपथ पूर्वक सत्य एवं स्व घोषणा करता हूॅ कि मैंने पूर्ण होश एवं ध्यान से निविदा प्रपत्र एवं निविदा प्रपत्र की शर्ते पूर्णतः पढ़ ली है तथा मुझे सभी शर्ते पूर्णतः मंजूर है। तथा मेरे द्वारा दी गई जानकारी/संलग्नक पूर्णतः सत्य है। किसी भी प्रकार की जानकारी असत्य पाए जाने पर मेरी निविदा तत्काल निरस्त कर, वैधानिक कार्यवाही करने हेतु सहमति प्रदान करता हूॅ। साथ ही शपथ पूर्वक सत्य घोषणा करता हूॅ कि मेरी फर्म अथवा व्यक्तिगत मुझे, किसी भी शासकीय कार्यालय द्वारा ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है और न ही मेरी फर्म अथवा मेरे नाम से कृषि विभाग अथवा न्यायालय अथवा थाने में अमानक सामग्री विक्रय संबंधी कोई प्रकरण पंजीबद्ध/विचाराधीन है।

गवाह हस्ताक्षर

1. पूरा नाम : ..........................................................

   पता : .......................................................... .

   ..........................................................

2. पूरा नाम : ..........................................................

   पता : ..........................................................

   ..........................................................

निविदादाता हस्ताक्षर : ................................................

निविदादाता फर्म का नाम : ................................................

पता : ................................................

..........................................................................................

मोबाईल नं. : ................................................

## तकनीकी निविदा फार्म “अ” (**Technical Bid**)

### प्रक्षेत्र पर उपयोग होने वाले खरपतवारनाषी, कीटनाषी, फंफूदनाषी, उर्वरकों एवं अन्य दवाईयों हेतु निविदा

1. फर्म का नाम एवं पता ........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................
........................................................................................................

2. निविदाकार एवं मालिक का नाम ........................................................................................

3. निविदाकार एवं मालिक का मोबाईल नं. ..............................................................................

4. फर्म का ई–मेल : ...................................................................................................

5. निविदा प्रपत्र का मूल्य (प्रति प्रपत्र) रु. 100/–
रसीद क्रं.:............................... दिनांक:........................ (संलग्न)

6. निविदा धरोहर/अर्जित राशि रु. 8,000/–
मांग पत्र क्रं.: ......................... दिनांक: ...................(संलग्न)

7. संलग्न दस्तावेजों की सूची

| क्रं. | दस्तावेज विवरण | पृष्ठ क्रं. |
|---|---|---|
| 1 | शासन अधिकृत पंजीयन की छायाप्रति | |
| 2 | शासन अधिकृत लायसेंस की छायाप्रति | |
| 3 | फर्म/प्रोपराईटर के आधार कार्ड की छायाप्रति | |
| 4 | फर्म/प्रोपराईटर के आयकर नंबर की छायाप्रति | |
| 5 | फर्म/प्रोपराईटर का जी.एस.टी. नंबर की छायाप्रति | |
| 6 | फर्म/प्रोपराईटर के बैंक पास बुक की छायाप्रति जिसमें नाम, खाता नं. एवं IFSC code हो | |

| क्रं. | दस्तावेज विवरण | पृष्ठ क्रं. |
|---|---|---|
| 7 | आयकर रिटर्न (अद्यतन/लेटेस्ट) हेतु विगत 3 वर्ष की आयकर रिटर्न की छायाप्रति अथवा अंकेक्षित बैलेंस शीट विगत तीन वर्षो की (जिसमें लाभ हानि का विवरण हो) एवं टर्न ओवर का विवरण जो कि न्यूनतम 10.00 लाख रु. (रू दस लाख मात्र) हो। | |
| 8 | उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशंसा पत्र (यदि कोई हो) | |
| 9 | ब्लैकलिस्टेड न होने संबंधी स्वघोषणा पत्र | |
| 10 | विगत तीन वर्षो का शासकीय कार्यालय में **खरपतवारनाशी, कीटनाशी, फंफूदनाशी, उर्वरकों एवं अन्य दवाईयाँ** सप्लाई हेतु अनुभव है तो अनुभव प्रमाण पत्र अथवा आदेश की छायाप्रतियॉ संलग्न करें। | |
| 11 | अन्य कोई यदि हो तो | |
| अ | | |
| ब | | |
| स | | |
| द | | |
| | | |
| | | |
| | | |

निविदादाता हस्ताक्षर : ............................................

निविदादाता फर्म की सील : ............................................

## तकनीकी निविदा फार्म “अ” (Technical Bid)

# खरपतवारनाशी, कीटनाशी, फंफूदनाशी, उर्वरकों एवं अन्य दवाईयों हेतु निविदा की तकनीकी तुलना विवरण

| क्रं. | विवरण | इकाई | तकनीकी विवरण मेल करता है अथवा नही | कार्यालय हेतु |
|---|---|---|---|---|
| खरपतवारनाशी एवं शाकनाशी दवाईयां | | | | |
| 1. | हेलोक्सीफॉप–पी–मिथाइल गेलेन्ट | 1200 मिली | | |
| 2. | प्रोपाक्जोनाफॉप 10% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 3. | सोडियम एसिफ़्लोरफ़ेन 16.5% + क्लोडिनाफ़ॉप प्रोपरगिल 8% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 4. | फोमेसेफेन 11.1% + फ्लूजिफ़ॉप–पी–ब्यूटाइल 11.1% एसएल | प्रति लीटर | | |
| 5. | ग्लाइफोसेट 13.5% डब्लू.एस. | प्रति लीटर | | |
| 6. | पैराक्वेट डाइक्लोराइड 24% एस.एल. | प्रति लीटर | | |
| 7. | 2–4 डी एथिल एस्टर 38% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 8. | 2–4 डी सोडियम एस्टर 58% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 9. | स्टीकर / सर्फक्टेंट | प्रति लीटर | | |
| 10. | क्विज़ालोफ़ॉप एथिल 7.5% + इमाजेथापायर 15% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 11. | क्लोरिम्यूरॉन एथिल 25% डब्लू.पी. | प्रति 15 ग्रा. | | |
| 12. | क्विज़ालोफ़ॉप एथिल 5% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 13. | इमीजाथॉइपर 10% एस.एल. | प्रति लीटर | | |
| 14. | बेंटाजोन 48% एस.एल. | प्रति 800 मिली. | | |
| 15. | एट्राजीन 50% डब्लू.पी. | प्रति किलो | | |
| 16. | पेण्डामेथालीन 38.7% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 17. | ग्लाइफोसेट 41% | प्रति लीटर | | |
| कीटनाशक दवाईयां | | | | |
| 18. | इमिडाक्लोरोप्रिड 17.8% एस.एल. | प्रति लीटर | | |
| 19. | लेम्बडासायहेलोथ्रिन 9.5% + थायोमिथाक्साम 12.6% जेड.सी. | प्रति लीटर | | |
| 20. | क्लोरोपायरीफॉस | प्रति किलो | | |
| 21. | क्विनॉल फॉस 25% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 22. | इन्डोस्कार्प 15.8% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 23. | प्रोपेनोफॉस 50% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 24. | प्रोपेनोफॉस 40% ई.सी. + साइपरमैथीन 5% | प्रति लीटर | | |
| 25. | बाईफेनथ्रिन 10% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 26. | थायोमैथोजाम 30 एफ.एस. | प्रति किलो | | |
| 27. | लेम्डा साइलोथ्रिन 4.6% + क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 9.3% जेड.सी. | प्रति लीटर | | |
| 28. | डेल्टामेथ्रिन 11% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 29. | प्रोपार्गाइट 57% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 30. | इमामेक्टिन बेंजोईट 5% एस.जी. | प्रति किलो | | |
| 31. | क्लोरोपाइरीफॉस 50% ई.सी. + साइपरमैथीन 5% | प्रति लीटर | | |

| क्रं. | विवरण | इकाई | तकनीकी विवरण मेल करता है अथवा नही | कार्यालय हेतु |
|---|---|---|---|---|
| फंफूदनाशक एवं अन्य दवाईयां | | | | |
| 32. | मैंकोजेब 75% डब्लू.पी. | प्रति किलो | | |
| 33. | मैंकोजेब 63% + कार्बेन्डिजिम 12% डब्लू.पी. | प्रति किलो | | |
| 34. | कार्बेक्सिन 17.5% + थाइरम 17.5% डब्लू.पी. | प्रति लीटर | | |
| 35. | हेक्साकैनाजोल 5% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 36. | टेबुकोनाजोल 10% + सल्फर 65% | प्रति किलो | | |
| 37. | प्रोपिकोनाजोल 25 ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 38. | पायराक्लास्ट्रोबिन + फ्लक्सापायरोक्सैड | प्रति 360 मिली. | | |
| 39. | कैप्टान 70% + हेक्साकैनाजोल 5% डब्लू.पी. | प्रति किलो | | |
| 40. | ट्राइकोडर्मा | प्रति किलो | | |
| 41. | पेक्लोब्यूट्रॉजोल 40% ई.सी. | प्रति 100 मिली. | | |

निविदादाता हस्ताक्षर : ..................................................

निविदादाता फर्म की सील : ..................................................

### तकनीकी निविदा फार्म "ब" (Financial Bid)

### प्रक्षेत्र पर उपयोग होने वाले खरपतवारनाशी, कीटनाशी, फंफूदनाशी, उर्वरकों एवं अन्य दवाईयों हेतु निविदा

1. फर्म का नाम एवं पता ..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

**निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : दिनांक ..................... समय ................. बजे**

**निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक ..................... समय ................. बजे**

| क्रं. | विवरण | इकाई | निविदा दर (रुपये में) | कार्यालय अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| खरपतवारनाशी एवं शाकनाशी दवाईयां | | | | |
| 1. | हेलोक्सीफॉप–पी–मिथाइल गेलेन्ट | 1200 मिली | | |
| 2. | प्रोपाक्जोनाफॉप 10% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 3. | सोडियम एसिफ़्लोरफ़ेन 16.5% + क्लोडिनाफ़ॉप प्रोपरगिल 8% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 4. | फोमेसेफेन 11.1% + फ्लूजिफ़ॉप–पी–ब्यूटाइल 11.1% एसएल | प्रति लीटर | | |
| 5. | ग्लाइफोसेट 13.5% डब्लू.एस. | प्रति लीटर | | |
| 6. | पैराक्वेट डाइक्लोराइड 24% एस.एल. | प्रति लीटर | | |
| 7. | 2–4 डी एथिल एस्टर 38% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 8. | 2–4 डी सोडियम एस्टर 58% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 9. | स्टीकर / सर्फक्टेंट | प्रति लीटर | | |
| 10. | क्विज़ालोफ़ॉप एथिल 7.5% + इमाजेथापायर 15% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 11. | क्लोरिम्यूरॉन एथिल 25% डब्लू.पी. | प्रति 15 ग्रा. | | |
| 12. | क्विज़ालोफ़ॉप एथिल 5% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 13. | इमीजाथॉइपर 10% एस.एल. | प्रति लीटर | | |
| 14. | बेंटाजोन 48% एस.एल. | प्रति 800 मिली. | | |
| 15. | एट्राजीन 50% डब्लू.पी. | प्रति किलो | | |
| 16. | पेण्डामेथालीन 38.7% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 17. | ग्लाइफोसेट 41% | प्रति लीटर | | |

| क्रं. | विवरण | इकाई | निविदा दर (रुपये में) | कार्यालय अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| कीटनाशक दवाईयां | | | | |
| 18. | इमिडाक्लोरोप्रिड 17.8% एस.एल. | प्रति लीटर | | |
| 19. | लेम्बडासायहेलोथ्रिन 9.5% + थायोमिथाक्साम 12.6% जेड.सी. | प्रति लीटर | | |
| 20. | क्लोरोपायरीफॉस | प्रति किलो | | |
| 21. | क्विनॉल फॉस 25% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 22. | इन्डोस्कार्प 15.8% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 23. | प्रोपेनोफॉस 50% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 24. | प्रोपेनोफॉस 40% ई.सी. + साइपरमैथीन 5% | प्रति लीटर | | |
| 25. | बाईफेनथ्रिन 10% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 26. | थायोमैथोजाम 30 एफ.एस. | प्रति किलो | | |
| 27. | लेम्डा साइलोथ्रिन 4.6% + क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 9.3% जेड.सी. | प्रति लीटर | | |
| 28. | डेल्टामेथ्रिन 11% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 29. | प्रोपार्गाइट 57% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 30. | इमामेक्टिन बेंजोईट 5% एस.जी. | प्रति किलो | | |
| 31. | क्लोरोपाइरीफॉस 50% ई.सी. + साइपरमैथीन 5% | प्रति लीटर | | |
| फंफूदनाशक एवं अन्य दवाईयां | | | | |
| 32. | मैंकोजेब 75% डब्लू.पी. | प्रति किलो | | |
| 33. | मैंकोजेब 63% + कार्बेन्डिजिम 12% डब्लू.पी. | प्रति किलो | | |
| 34. | कार्बेक्सिन 17.5% + थाइरम 17.5% डब्लू.पी. | प्रति लीटर | | |
| 35. | हेक्साकैनाजोल 5% ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 36. | टेबुकोनाजोल 10% + सल्फर 65% | प्रति किलो | | |
| 37. | प्रोपिकोनाजोल 25 ई.सी. | प्रति लीटर | | |
| 38. | पायराक्लास्ट्रोबिन + फ्लक्सापायरोक्सैड | प्रति 360 मिली. | | |
| 39. | कैप्टान 70% + हेक्साकैनाजोल 5% डब्लू.पी. | प्रति किलो | | |
| 40. | ट्राइकोडर्मा | प्रति किलो | | |
| 41. | पेक्लोब्यूट्रॉजोल 40% ई.सी. | प्रति 100 मिली. | | |

निविदादाता हस्ताक्षर : ..............................................

निविदादाता फर्म की सील : ..............................................